

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

सोमवार 02 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 60 पृष्ठ 4 | www.keshavtv24.com | Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए..विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता हि है!

## समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन पर किया भव्य जश्न, होली मिलन में रंग-गुलाल संग झूम उठा नूरसराय!

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, नूरसराय, नालंदा।** रविवार को नूरसराय क्षेत्र में होली मिलन समारोह के अवसर पर समा. जसेवी सह परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान केक काटकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। समा. जसेवी श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री स्वस्थ एवं दीर्घायु रहें और प्रदेश को निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाते रहें। जन्मदिन समारोह के उपरांत होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उप. स्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने अपने सहयोगियों व समर्थकों के साथ मिलकर होली गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। पूरा वातावरण हर्ष, उल्लास और आपसी भाईचारे के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जिसे आपसी सौ. हार्द, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई उमंग, ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे, यही उनकी कामना है।कार्यक्रम में विजय महतो, पंकज सिंह, अमन सिंह, इंद्रमणि प्रसाद, दिग्विजय सिंह उर्फ तन्यू सिंह, अमरेंद्र कुमार, बबलू, चंद्रशेखर, संटू महतो, सीटू सिंह,







चिक्कू, फंटूश सिंह, शशिरंजन, संजय यादव, रणधीर कुमार, कुमार धीरज, भूषण महतो, प्रदीप कुमार, रंजीत छपरिया सहित कई सहयोगी एवं समर्थक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मिठाइयों का वितरण किया गया और सभी ने मिलकर भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया।

## 14 करोड़ बिहार वासियों का आश और विश्वास है नीतीश कुमार- सांसद कौशलेंद्र कुमार

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, बिहार शरीफ, (नालंदा)।** बिहारशरीफ के रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय भवन में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के निर्देशानुसार युवा जदयू नालन्दा के द्वारा बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर 10 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन नालन्दा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद नगर जिलाध्यक्ष गुलरेज अंसारी जिला प्रवक्ता डा धनंजय कुमार देव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धीरज पटेल एवं नगर अध्यक्ष राहुल रंजन कुशवाहा ने की।सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बनता बिहार और संवरता बिहार के शिल्पकार और हमसभी कार्यकर्ताओं की आन बान और शान 14 करोड़ बिहार वासियों की आश और विश्वास है विकास पुरुष नीतीश कुमार आज उनके जन्मदिन के अवसर पर दस युवा साथियों ने रक्तदान किया है उनको मैं बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं रक्तदान के लिए आज उन्होंने सबसे बढ़िया दिन चुना।बिहार में उनके नेतृत्व में हुए कार्य का देश से लेकर विदेश में डंका बज रहा है तथा विकास के क्षेत्र में बिहार अव्वल पायदान पर है हमारी योजनाओं का अनुसरण हो रहा है ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व का कमाल है आज बिहारी कहलाना सम्मान और गौरव की बात है लोग अब गर्व से कहते हैं हमलोग नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास और सुशासन मांडल वाले बिहार से हैं। बिहार की जनता ने 2005 से लेकर आज तक नीतीश कुमार के चेहरे पर मुहर लगाती आ रही है।. रक्तदान करने वालों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह कदम जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान एक महादान है,जो किसी की जिंदगी को नया जीवन देता है। आपकी इस पहल से मरीजों को समय पर रक्त मिल पाता है और उनकी जान बचाई जा सकती है यह निरूस्वार्थ सेवाभ. ाव समाज के लिए सर्वोच्च प्रेरणा है जो अनगिनत जिंदगियां बचाकर मानवता की रक्षा करता है।






यह एक ऐसा पवित्र कार्य है जो निस्वार्थ भाव से जीवन को नई आशा देता है। रक्तदान करने वाले दस युवा साथियों को जिला प्रवक्ता जदयू डा धनंजय कुमार देव युवा जिलाध्यक्ष धीरज पटेल जयप्रकाश यादव हरेंन्दर रविदास रजनीश रंजन नीतीश कुमार इमाम हसन राजा कुमार सन्नी पटेल वालें युवाओं को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस सेवा कार्य के दौरान सनी पटेल, संजीत यादव,सनी महतो, संजीव महतो, पवन शर्मा, अर्णव आर्य, रोहित कुमार, संजीत पासवान, मौर्या सिंह कुशवाहा विभुति कुमार और अंकित महतो समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री की लंबी आयु की कामना की और समाज सेवा का संकल्प लिया।



## कल्याण बिगहा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन 'विकास दिवस' के रूप में मनाया गया

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर रविवार को उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में उत्सव का माहौल रहा। 'राष्ट्रीय लव-कुश सेवा मिशन' के तत्वावधान में इस दिन को 'विकास दिवस' के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। पटना स्थित सप्त मूर्ति विधानसभा परिसर के समक्ष से सैकड़ों गाड़ियों का काफिला मुख्यमंत्री की जन्मभूमि कल्याण बिगहा के लिए रवाना हुआ। वहां पहुंचकर समर्थकों ने मुख्यमंत्री के माता-पिता स्व. परमेश्वरी देवी एवं स्व. राम लखन सिंह तथा उनकी पत्नी स्व. मंजु सिन्हा की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लव-कुश सेवा मंच के संयोजक सह जदयू प्रदेश महासचिव संतोष कुशवाहा और आयोजनकर्ता संजय कांत ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार की तस्वीर और तकदीर बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पटना सहित विभि. ान्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग यहां आभार व्यक्त करने पहुंचे हैं, क्योंकि उन्होंने बिहार को एक ऐसा 'विकास पुरुष' दिया, जिसके नेतृत्व में राज्य प्रगति की राह पर आगे बढ़ा है। कार्यक्रम के दौरान जदयू प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय संयोजक राजीव रंजन पटेल ने मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार को सक्रिय रा. जनीति में लाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि बिहार का जनमानस और युवा वर्ग एक शिक्षित, सादगी पसंद युवा नेतृत्व की अपेक्षा करता है।उन्होंने निशांत कुमार को भविष्य में बड़ी जिम्मेदारी देने और उन्हें राज्यसभा भेजे जाने की इच्छा भी जताई। जन्मदिन के उपलक्ष्य में कल्याण बिगहा स्थित देवी स्थान में विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। ग्रामीणों और समर्थकों ने पारंपरिक होली गीत गाकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जिस प्रकार लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ. राम मनोहर लोहिया और जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिवस को विशेष रूप से मनाया जाता है, उसी प्रकार नीतीश कुमार के जन्मदिन को भी 'विकास दिवस' के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर धीरज, शकील सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उप. स्थित रहे। कार्यक्रम पूरे उत्साह, श्रद्धा और भा. ईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ।

## नूरसराय में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल ने बाइक से किया फ्लैग मार्च




**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** रंगों का त्योहार होली पर्व शांति माहौल में मनाने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बलों ने बाइक ने नूरसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार समेत दर्जनों गांवों में बाइक से फ्लैग मार्च किया।इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भी चारे के साथ शांतिपूर्ण मनाये। हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी तरह से रंगों के पर्व में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस सोशल मीडिया के पोस्ट पर भी पैनी नजर बनाए हुए हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी करने पर तुरंत सूचना दें। नालंदा पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। फ्लैग मार्च नूरसराय बाजार के अलावे अंधना मोड़, प्रहलाद नगर,नोनिया बिगहा, रसलपुर, जगदीशपुर तियारी, नारी,धर्मपुर,सैंदी सहित अन्य गांवों में किया गया।फ्लैग मार्च में एसडीपी. ओ टू संजय कुमार जायसवाल, इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, अंचलाधिकारी दीपक कुमार,एसएचओ अरविंद कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।




# धन संचय की तरह जल संचयन भी आवश्यक - डॉ. दयानंद मुनि

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सकल हिंदू समाज द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को राजगीर के नई पोखर ठाकुरबाड़ी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें लोगों ने राष्ट्र निर्माण, धर्म रक्षा, सामाजिक समरसता तथा जल संचयन जैसे विषयों पर अपनी बात रखी। सम्मेलन में कम संख्या में लोगों के आने से संत समाज ने चिंता भी जतायी। थावे विद्यापीठ के महंत राष्ट्रीय धर्माचार्य एवं धर्म रत्न डॉ. स्वामी दयानंद मुनि ने कहा कि संघ की 100 वर्ष की यात्रा त्याग, तपस्या, सेवा और राष्ट्र समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि संगठन की शक्ति, सामाजिक दायित्व और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने का समय है। राजगीर के ऐतिहासिक महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि यह नगर प्राचीन काल से आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक चेतना की केंद्र भूमि रही है। यहां से नीति, धर्म और सामाजिक समरसता का संदेश विश्वभर में प्रसारित हुआ है। धर्मांतरण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वामी दयानंद मुनि ने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन, भय या भ्रम के माध्यम से किया गया परिवर्तन सामाजिक असंत. ुलन को जन्म देता है।




उन्होंने समाज को शिक्षा, सेवा, संस्कार और आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्त बनाने पर बल दिया। साथ ही जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जिस प्रकार धन का संचय आवश्यक है, उसी प्रकार जल संचयन भी समय की मांग है। उन्होंने प्रशासन से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, पारदर्शी प्रबंधन और संत समाज के सम्मान की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सम्मेलन में महामंडलेश्वर विवेक मुनि जी महाराज, लक्ष्मण शरण जी महाराज, सुमन आनंद महाराज, सरदार अमनदीप सिंह, महंत अर्जुन ब्रह्मचारी, रामजी प्रसाद सिन्हा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बातें रखीं।

# फूलों की होली से महका बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर, गणमान्य लोगों का हुआ सम्मान

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ नालंदा।** बिहार शरीफ के पुलपर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर रविवार को फूलों की खुशबू और भक्ति रस से सराबोर रहा। नालंदा जिला पूजा उत्सव समिति के तत्वावधान में यहां भव्य 'फूलों की होली' एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दोपहर 12रू30 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शहरवासी शामिल हुए। पारंपरिक होली गीतों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने एक—दूसरे पर पुष्पवर्षा कर होली खेली। गुलाल के बजाय फूलों से खेली गई इस होली ने आयोजन को विशेष और आध्यात्मिक रंग प्रदान किया। मंदिर परिसर में भक्ति, उल्लास और आपसी प्रेम का अनूठा संगम देखने को मिला।समिति की ओर से आगंतुकों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई थी। लोगों ने गरमा—गरम पकौड़ी, इमली की चटनी, ठंडई और कोल्ड ड्रिंक का आनंद लिया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों एवं समिति के पूर्व सदस्यों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र (चादर) एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रकट किया। आयोजन की सफलता में समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष राज वर्द्धन, सचिव शैलेश कुमार और कोषाध्यक्ष कंचन कुमार की अहम भूमिका रही।




साथ ही सदस्य रवि कुमार पटेल, किशोरी जी, शुभम कुमार, आयुष कुमार, मोहम्मद अरमान सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में 'एडवांस्ड सिक्योरिटी जोन' एवं 'वेब लाउंज' ने को—पार्टनर के रूप में सहयोग किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का माध्यम हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया।

# रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा का साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 150 से अधिक मरीजों को मिला निशुल्क परामर्श

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ नालंदा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए मरीजों की जांच की और आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया। कुल 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। साथ ही 25 लोगों की मधुमेह (शुगर) की जांच भी की गई। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 35 बच्चों की जांच की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 50 मरीजों की आंखों की जांच की। फिजिशियन डॉ. इंद्रजीत कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से 45 मरीजों को परामर्श दिया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि कुमार ने 15 लोगों का उपचार किया, जबकि फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 25 मरीजों की जांच की। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 13 मरीजों को परामर्श दिया। इसके अतिरिक्त डॉ. प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) ने भी मरीजों की जांच कर आवश्यक सलाह दी। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के निशुल्क शिविर उनके लिए अत्यंत मददगार साबित हो रहे हैं। संस्था ने जानकारी दी कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।



शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित तथा कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार की अहम भूमिका रही। आजीवन सदस्यों में प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, प्रोफेसर स्वधर्म कुमार, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, साधु शरण प्रसाद, रागिनी कुमारी, आकाश रोशन, शंभू कुमार कश्यप, अरुण कुमार एवं संजय कुमार सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इन सभी सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपस्थित लोगों ने सदस्यों की सेवा भावना और समर्पण को शिविर की सफलता का आधार बताया।









# कुशवाहा कल्याण सेवा समिति, नालंदा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन
## फगुआ गीतों और पारंपरिक व्यंजनों के बीच सामाजिक एकता का संदेश

**केशववाणी । शंकर कुमार की रिपोर्ट**

बिहार शरीफ (नालंदा)। जिला मुख्यालय स्थित मघड़ा के माँ मनोकामना मंदिर परिसर में होली के अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुशवाहा कल्याण सेवा समिति, नालंदा द्वारा हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय प्रसाद कुशवाहा ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे, एकता एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। जिला पार्षद ममता कुमारी ने होली के पावन अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का त्योहार है। इस पर्व को सभी लोग आपसी रंजिश और मतभेद भुलाकर मिलजुल कर मनाएं। ममता कुमारी ने अपील करते हुए कहा कि रंगों का यह उत्सव समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। सभी लोग शांति, सौहार्द और खुशहाली के साथ होली मनाएं तथा एक–दूसरे के जीवन में खुशियों के रंग भरें। समारोह के दौरान पारंपरिक अंदाज में ढोलक, झाल और करताल की थाप पर फगुआ गीत गाए गए। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से "फग. ुआ" गाकर माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया। गीत–संगीत के बीच लोग झूमते नजर आए और पुरानी लोक परंपराओं की झलक साफ दिखाई दी। इस अवसर पर पारंपरिक व्यंजनों का भी विशेष प्रबंध किया गया था। उपस्थित लोगों ने फुलौरी, कचौड़ी सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों का लुत्फ उठाया। मिलन समारोह के दौरान आपसी प्रेम और अपनापन साफ झलक रहा था।समिति के संरक्षक प्रो० कृष्णा प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा (प्रखंड अध्यक्ष, नूरसराय), शिव शंकर प्रसाद कुशवाहा (संयुक्त सचिव, मोहनपुर), अर्जुन कुशवाहा





(उपाध्यक्ष), नंद किशोर प्रसाद (पूर्व सैनिक), विनोद प्रसाद कुशवाहा (उप कोषाध्यक्ष), संजय कुमार ज्योति (कोषाध्यक्ष) सहित अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। संगठन मंत्री संजय प्रसाद कुशवाहा, सलाहकार भीला प्रसाद, विक्रम कुमार, पिंटू कुमार कुशवाहा (मीडिया प्रभारी), राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, जितु कुशवाहा, बिरेस कुशवाहा (सहायक सलाहकार), डॉ० बी.पी. भारती (संरक्षक) एवं सहायक मीडिया प्रभारी विवेश कुमार सहित कई सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने, युवाओं को परंपराओं से जोड़ने और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक मिलन, पन–प्रसाद वितरण और शुभकामनाओं के आदान–प्रदान के साथ हुआ। पूरे क्षेत्र में आयोजन को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया।




# इसलामपुर में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह, कांग्रेस कार्यालय व नेताजी सुभाष उच्च विद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, ।**

इसलामपुर(नालंदा)। इसलामपुर नगर के बढ़ई टोला स्थित कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रविवार को होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रत्याशी विवेक कुमार सिन्हा तथा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह अधिवक्ता के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी विवेक कुमार सिन्हा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भ. ाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली मिलन समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यकर्ता एक–दूसरे को गले लगाकर अबीर–गुलाल लगाते हुए नाचते–झूमते नजर आए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह अधिवक्ता, शिशुपाल यादव, सियाराम सिंह अधिवक्ता, मिथलेश प्रसाद अधिवक्ता, राजकुमार केसरी, देवेंद्र प्रसाद, भगवान सिंह यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन एवं होली पर्व के अवसर पर स्थानीय नगर स्थित नेताजी श्री सुभाष उच्च विद्यालय के सभागार में अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति/जनजाति विकास मंच के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन चौधरी ने की। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को कलम, डायरी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच के संयोजक सह जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि माता–पिता और गुरु पूजनीय होते हैं। उन्हें सम्मा. नित करते हुए आत्मीय आनंद की अनुभूति होती है। इस अवसर पर नीरज कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया सारों देवी, उमाशंकर, अरविंद चौधरी, डोमन दास सहित कई लोगों ने अबीर–गुलाल लगाकर एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। दोनों स्थ. ानों पर होली मिलन समारोह उत्साह, उमंग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# बिहार सेंट्रल स्कूल ने मनाई 21वीं वर्षगांठ
## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा शिक्षा नगर डोईया का प्रांगण

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** बिहार सेंट्रल स्कूल, शिक्षा नगर डोईया में 21वीं वर्षगांठ समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्. तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रणधीर कुमार (प्राचार्य, हॉर्टिकल्चर कॉलेज नूरसराय), डॉ. एमडी खुर्शीद आलम (डीएसपी ट्रैफिक), डॉ. राजीव रंजन (सदर अस्पताल, बिहारशरीफ) एवं डॉ. विनीता (सदर अस्पताल, बिहारशरीफ) तथा विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुन्दर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही समारोह का विधिवत उद्घाटन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुन्दर प्रसाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अतिथि गणों ने बच्चों और अभिभ. ावकों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए कई अमूल्य बातें बताईं, जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक साबित होंगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी केंद्रित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रणधीर कुमार (प्राचार्य, हॉर्टिकल्चर कॉलेज नालंदा), डॉ. एमडी खुर्शीद आलम (डीएसपी), डॉ. राजीव रंजन (सदर अस्पताल, बिहारशरीफ) एवं डॉ. विनीता (एमओ, सदर अस्पताल, बिहारशरीफ) उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ. आशुतोष कुमार, प्रदुमन कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी सभा को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई।









इसके बाद राजस्थानी नृत्य, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों का फैशन शो रहा, जिसमें छात्र–छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग से तैयार इस प्रस्तुति को खूब सराहा गया।प्राचार्य ने अभिभावकों से विद्यालय के प्रति निरंतर सहयोग और स्नेह बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन और टीम का पूरा सहयोग बच्चों को मिलता रहेगा, ताकि वे नए–नए शिखर प्राप्त कर सकें। समारोह के अंत में अतिथियों को सम्मानित किया गया और विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इसी तरह शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 1 दिसम्बर 2025 से
प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को स्त्री रोग से संबंधित OPD मुफ्त (फ्री)
**श्री श्याम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल**

**डॉ० सानू रंजन**
M.B.B.S., PMCH (PATNA)
PGCC (Clinical Diabetes)
Resident Medicine, BMIMS, Pawapuri
जेनरल फिजिशियन एवं चीनी रोग विशेषज्ञ

**डॉ० रामप्रवेश सिंह**
M.B.B.S. (RU)
DPM Psych. (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Resident (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Head of Department of Psychiatry
(JNKTMCH, Madhepura)
SMO Psychiatry (BMIMS Pawapuri)
नस एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ

**डॉ० ध्रुव कुमार**
M.B.B.S., DNB, ORTHO, MNAMS
Ex-Sr. BMIMS, Pawapuri (Nalanda)
Ex-Consultant Asian City Hospital (Patna)
Ex-Consultant ARSH Super Speciality Hospital (Gaya)
Ex-Sr. ANMCH (Gaya)
नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

**डॉ० अभिषेक कु० आर्य**
BSc. Hons MU (Gaya)
CMS&ED, AGAMCH (Darbhanga)
DMRT, PMCH (Patna)
MD (AM) Rajsthan
स्त्री एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ

**डॉ० शमा प्रवीण**
M.B.B.S., M.S. (GYN)
PMCH (Pat.)
स्त्री एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ

**डॉ० मो० शकील**
M.B.B.S. (Muz.)
MD., PMCH (Pat.)
जेनरल फिजिशियन

**डॉ० अजय कुमार**
M.B.B.S. (Pat.)
M.S. Surgery (Pat.)
जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

**डॉ० अभिनव कुमार**
M.B.B.S., MS (ENT & Head Neck)
Surgery, PMCH (Patna)
Senior Resident BMIMS, Pawapuri

**विशेष सुविधाएँ :**
24 Hours Emergency, OPD, IPD, ICU, ECG, HDU
X-Ray, Ultrasound, B.P., Sugar, Pathology, Burn Injury
Posioning, ECHO, Painless Delivery, Surgery, Ventilator etc.

बच्चेदानी में सभी प्रकार के कैंसर का इलाज किया जाता है। सफेद धाध (लिकोरिया) मासिक में गड़बड़ी इत्यादि का सफल इलाज किया जाता है।

**प्रत्येक दिन बी.पी. एवं शुगर का मुफ्त जाँच की सुविधा उपलब्ध**

- आँत में छेद।
- हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन।
- बच्चेदानी का ऑपरेशन।
- पेशाब की नली की पथरी का इलाज।
- सिजेरियन एवं नॉर्मल डिलेवरी की सुविधा।
- लकवा, ट्रॉमा सर्जरी, एक्सीडेंटल।
- घुटना प्रत्यारोपण एवं कुल्हा प्रत्यारोपण।
- हड्डियों के सभी प्रकार के इलाज।
- जले हुए मरीजों के इलाज की सुविधा।
- सांप, बिच्छू एवं जहर खाये हुए मरीजों के इलाज की विशेष सुविधा।

- आपातकालीन चिकित्सा ।
- जेनरल मेडिसीन ।
- जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी।
- श्वांस एवं फेफड़ा रोग ।
- किडनी रोग ।
- हृदय रोग ।
- मस्तिष्क रोग ।
- स्त्री एवं प्रसव रोग ।
- पेट एवं आँत रोग ।
- आँख, नाक, कान, गला रोग ।
- मानसिक एवं नस रोग ।
- हड्डी एवं नस रोग ।
- 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध ।

* यहाँ प्लस ऑक्सीमीटर, मोनिटर, ऑक्सीजन नेबुलाईजर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध ।
* लकवा, मिर्गी, ब्रेन हैमरेज, चक्कर आना ।
* याददाश्त में कमी, शरीर में कंपन ।
* पैरों में कमजोरी, हाथ-पैर में जलन ।
* सरदर्द, गर्दन दर्द, पीठ एवं कमर दर्द ।
* रीढ़ की हड्डी की समस्या ।
* उठने-बैठने चलने में परेशानी ।
* स्त्रीयों में स्तन गाँठ, बच्चेदानी की गाँठ बच्चेदानी में (फाइबरड) दवा के द्वारा ठीक किया जाता है।

काँके (राँची) के अनुभवी मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा नशा संबंधित रोगों का इलाज किया जाता है।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे- शराब, गांजा, अफीम, चरस, बी.एस., बॉनफिक्स इत्यादि के सफल इलाज हेतु सम्पर्क करें।

**पता–न्यू पुष्पा प्रिंटिंग प्रेस के प्रांगण में**
मछली मार्केट से उत्तर, नाला रोड, शिवपुरी, बिहारशरीफ (नालन्दा)
Mob.: 9934720120 (Clinic), 9835071320, 9308084121(Shashi)

# नकटपुरा के स्मार्ट सिटी वाटर पार्क में 'रंग बरसे' कार्यक्रम बना रणक्षेत्र कई राउंड फायरिंग; गायक रोशन रोही समेत 16 गिरफ्तार

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** नकटपुरा स्थित स्मार्ट सिटी वाटर पार्क में रविवार को आयोजित 'रंग बरसे होली मिलन समारोह' हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद के बाद भोजपुरी गायक रोशन रोही के बाउंसरों और कुछ मेहमानों के निजी सुरक्षाकर्मियों के बीच खुलेआम फायरिंग और रोड़ेबाजी शुरू हो गई। घटना में कवरेज करने गए एक पत्रकार सहित तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गायक समेत मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक कुल 16 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की गई है। घायल पत्रकार ने बताया कि वे निमंत्रण पर कार्यक्रम कवरेज के लिए पहुंचे थे। वहां पहुंचते ही अफरा–तफरी का माहौल था और सड़क से ही गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाना चाहा, कुछ स्थानीय युवकों और बाउंसरों ने उन पर हमला कर दिया, दोनों मोबाइल छीन लिए और पत्थरबाजी की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इलाके में करीब 15 से 20 राउंड फायरिंग की आवाज सुनी गई, जिससे आसपास दहशत फैल गई। हिंसा में बासोचक गांव निवासी सुबेलाल कुमार के पैर में गोली लग गई। वे खेत से लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। सदर डीएसपी–वन नूरुल हक ने बताया कि घायलों में पत्रकार ऋषिकेश, एक 18–19 वर्षीय युवक और एक वाहन चालक शामिल हैं, जिसके सिर पर चोट आई है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है और वे खतरे से बाहर बताए गए हैं। डीएसपी नूरुल हक ने मौके पर पहुंचकर बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह अनधिकृत था और इसके लिए कोई लाइसेंस नहीं लिया गया था। प्रारंभिक जांच में गायक के बाउंसरों और कुछ मेहमानों के निजी सुरक्षाकर्मियों द्वारा फायरिंग की पुष्टि हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से चार हथियार बरामद किए हैं और तीन क्षतिग्रस्त गाड़ियों को जब्त किया है।



घटना के बाद पुलिस ने वाटर पार्क की घेराबंदी कर दी। डीएसपी ने बताया कि रोशन रोही को पकड़कर थाने भेज दिया गया है और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाटर पार्क के अंदर मौजूद लोगों की पहचान की जा रही है, बाहर से आए वाहनों और बाउंसरों की जांच हो रही है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।



फिलहाल, पुलिस मुख्य द्वार पर तैनात है और साक्ष्य संकलन के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# कतरीसराय में परंपरागत होली की यादें धुंधली कभी लोकगीतों से गूंजता था गांव का माहौल

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट,।** कतरीसराय (नालंदा)। फाल्गुन मास के आगमन के साथ ही कतरीसराय के गांवों में होली का उल्लास देखते ही बनता था। जैसे ही संध्या ढलती, गांव की चौपाल पर ग्रामीणों की टोली एकत्र हो जाती और आधी रात तक पारंपरिक फाग गीतों की मधुर स्वर–लहरियां वातावरण में गूंजती रहती थीं। गांव की चौपाल पर "राम खेले होली, लखन खेले होली" और "गोरिया करी के श्रृंगार, पिसे ले चलली हरदिया" जैसे पारंपरिक फागुन गीत ढोल–मंजीरे की थाप पर गाए जाते थे। इन गीतों में लोक संस्कृति, आस्था और प्रेम का अद्भुत संगम झलकता था। लोग गीतों की धुन पर झूम उठते थे और पूरा गांव रंग और उमंग में सराबोर हो जाता था। होली की तैयारियां कई दिन पहले से शुरू हो जाती थीं। बच्चे घर–घर जाकर होलिका दहन के लिए जलावन (लकड़ी) इकट्ठा करते थे। यह परंपरा केवल रस्म नहीं, बल्कि सामूहिक सहयोग, सहभागिता और सामाजिक एकता का प्रतीक हुआ करती थी। होलिका दहन के दिन संध्या समय फाग गीत गाने वाली टोली पूरे उत्साह के साथ गाते–बजाते निर्धारित स्थल पर पहुंचती थी और विधि–विधान से होलिका दहन किया जाता था। इस पावन अवसर पर गांव के सभी लोग एकत्र होकर पूजा–अर्चना करते थेअगली सुबह होलिका की बची हुई राख को लोग शुभ मानकर एक–दूसरे पर लगाते थे। इसके बाद शुरू होती थी रंगों और मस्ती की होली। लोग एक–दूसरे को कीचड़ लगाते, रंग–गुलाल से सराबोर करते और हंसी–ठिठोली के बीच दिनभर उत्सव का आनंद लेते थे। संध्या समय लोग साफ–सुथरे वस्त्र पहनकर एक–दूसरे के घर जाते, गुलाल लगाकर गले मिलते और होली की शुभकामनाएं देते थे। इस प्रकार कतरीसराय की परंपरागत होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और लोक–संस्कृति का जीवंत उदाहरण हुआ करती थी। हालांकि, वर्तमान समय में यह पा. रंपरिक स्वरूप धीरे–धीरे विलुप्त होता जा रहा है। डीजे की धुन पर बजने वाले अश्लील भो. जपुरी गीतों ने पारंपरिक फाग गीतों की जगह ले ली है। इसके कारण होली का सांस्कृतिक और सामाजिक स्वरूप प्रभावित हुआ है। रंगों का यह पावन पर्व, जो कभी सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक था, आज अपनी मूल पहचान खोता नजर आ रहा है।

# इकरा इंग्लिश अकादमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट,।** इस्लामपुर (नालंदा)। इस्लामपुर स्थित इकरा इंग्लिश अकादमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया तथा खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। क्रीड़ा प्रभारी मैहर फातिमा एवं कश्मीरी नाज ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन चेयर रेस, कप एंड वॉल रेस, योग्यता (मेरिट) रेस सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दूसरे दिन सुई दौड़, मेढ़क दौड़, जलेबी दौड़, नंबर गेम और बोतल बैलून रेस का आयोजन हुआ। तीसरे दिन लड़कियों की कबड्डी, लड़कों की कबड्डी प्रतियोगिता, क्रिकेट मैच तथा अन्य मेरिट आधारित प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। चेयर रेस में मदीहा, अलिसा, अब्दाली और आलिया विजेता रहीं। कप एंड वॉल रेस में बनिया, हमाद, अफजल, अल अफीजा और यूसुफ आलम ने सफलता प्राप्त की। 100 मीटर दौड़ में अयान, यूसुफ, इब्राहिम, तौफीक और खुमैजा अव्वल रहे। बैलून वॉल प्रतियोगिता में खांसा, फातिमा और अयान अकबर विजयी रहे।




कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में मोहम्मद अली, अयान आलम, मसूद और यूसुफ अख्तर ने बाजी मारी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रशीद अनवर एवं समाजसेवी सह पूर्व प्रधानाध्यापक अनवर मुजीब ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन पर सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नूरसराय के छतरपुर गांव में मद्य निषेध विभाग के द्वारा किया गया छापेमारी अवैध शराब की भठ्ठियों को किया नष्ट



**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट।** नूरसराय (नालंदा)। थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव के खंधा में शनिवार को मद्य निषेध अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन,एस एचओ मुन्ना कुमार के नेतृव में छापेमारी किया गया। छा. पेमारी के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त दर्जनों भठ्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया ।पदाधिकारियों ने बताया कि 8060 किला. `ग्राम गुड़ घोल व जावा महुआ को भी विनिष्ट कर दिया गया है ।साथ ही 160 लीटर चुलाई गयी शराब को भी नष्ट कर दिया गया है। हालांकि एक भी कारोबारी पकड़ में नहीं आया है ।पुलिस आते देख कारोबारी फरार हो गये।

# महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिवस समारोह धूमधाम से आयोजित

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,** ।महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं विकास पुरुष नीतीश कुमार का जन्मदिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही ।इस अवसर पर महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव राजेंद्र प्रसाद तथा प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार द्वारा केक काटकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री के दीर्घ जीवन की मंगलक. ामना की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासी निकाय के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री का जन्मदिवस आज पूरे बिहार प्रदेश सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ।वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार की कौशल विकास योजनाएं युवाओं को आत्म. निर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने बताया कि कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को हुनरमंद बनाया जा रहा है, जबकि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं के सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रही है। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार के निरंतर विकास की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा, प्रो शशिभूषण प्रसाद, प्रो मिथलेश कुमार, प्रो कुमारी रेणुका सिन्हा, प्रो आनंद मूर्ति, प्रो आकाश भारती, प्रो विकास कुमार, प्रो दिव्यांशु प्रिया, विजय कुमार सिन्हा,अनुज कुमार,नारायण कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

